# बरेली पुलिस

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 14.07.2025

### थाना फरीदपुर

**थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर, अशिक्षित महिलाओं, बच्चों व व्यस्कों को प्रलोभन देकर अवैध धर्मान्तरण कराने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**दिनांक 13.07.2025 को श्री सुनील कुमार पुत्र स्व0 नत्थूलाल निवासी लाइन पार मठिया थाना फरीदपुर जिला बरेली हाल पता शंकरपुर थाना फरीदपुर जिला बरेली ने उपस्थित सूचना दी कि ईसाई मिशनरी का लाल जी पुत्र झकड़ी नि0 मुंगेशर थाना मऊ जनपद मऊ (उत्तर प्रदेश) हाल पता -नि0 मो0 फर्रखपुर थाना फरीदपुर (बरेली) मकान में अन्य धर्मों की आर्थिक रूप से कमजोर अशिक्षित महिलाओं, बच्चों व व्यस्को को प्रलोभन देकर अवैध धर्मान्तरण करवाता है। धर्मान्तरित होने के लिए रूपयों का लालच, नौकरी, मकान देने व शादी करवाने का भी लालच दिया जाता है। उक्त सम्बन्ध में थाना फरीदपुर पर आरोपी लाल जी पुत्र झकड़ी नि0 मुंगेशर थाना मऊ जनपद मऊ (उत्तर प्रदेश) के विरूद्ध मु0अ0सं0 559/25 धारा 299 बीएनएस व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया है।

**घटना के सम्बन्ध में तथ्यों का सारगर्भित विवरण:-** अभियुक्त लाल जी पुत्र झकड़ी निवासी मुंगेशर थाना मऊ जनपद मऊ (उत्तर प्रदेश) के द्वारा जितेन्द्र गुप्ता नि0 मो0 फर्रखपुर थाना फरीदपुर (बरेली) के मकान में किराये पर रहकर आर्थिक रूप से कमजोर अशिक्षित महिलाओं, बच्चों व व्यस्कों को प्रलोभन देकर अवैध धर्मान्तरण का अपराध कारित किया गया है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही:-** थाना फरीदपुर पुलिस टीम उ0नि0 श्री जसवीर सिंह, का0 3684 अंकुर, का0 165 भानू द्वारा आज दिनांक 14.07.25 को वांछित अभियुक्त लाल जी पुत्र झकड़ी नि0 मुंगेशर थाना मऊ जनपद मऊ (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से धर्मान्तरण क्रिया-कलापों की पुस्तक, 09 सन्देश पुस्तिका, 04 धर्मास्थान्तरण नोटिस डायरी, हस्त लिखित सन्देश फाइल/टाईप शुदा फाइल व प्रार्थना कलेण्डर बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**लाल जी पुत्र झकड़ी नि0 मुंगेशर थाना मऊ जनपद मऊ हाल पता-नि0 मो0 फर्रखपुर थाना फरीदपुर (बरेली) ।

**पंजीकृत अभियोग:-**मु0अ0सं0 559/25 धारा 299 बीएनएस व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम थाना फरीदपुर, बरेली ।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1.उ0नि0 श्री जसवीर सिंह थाना फ़रीदपुर जनपद बरेली।

2.का0 3684 अंकुर थाना फ़रीदपुर जनपद बरेली।

3.का0 165 भानू थाना फ़रीदपुर जनपद बरेली।